# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1952 दिनांक 02/11/2012

## // संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि **स्नातकोत्तर – एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी./ एम.एससी (होमसाइंस) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2012 (नियमित/ए.टी.के.टी./ए.टी.के.टी.–पुराना पाठ्यक्रम)** की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:–

| विवरण | परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| | **तिथि एवं शुल्क विवरण** | **एम.एससी./ एमएससी.(होमसाइंस)** | **एम.ए.** | **एम.कॉम.** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | तिथि | 12.11.2012 | 12.11.2012 | 12.11.2012 |
| | नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 1480/– | रूपये 1355/– | रूपये 1355/– |
| | भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 1780/– | रूपये 1655/– | रूपये 1655/– |
| | एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क | रूपये 600/– प्रति पेपर | रूपये 600/– प्रति पेपर | रूपये 600/– प्रति पेपर |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 14.11.2012 | 15.11.2012 | 15.11.2012 |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 15.11.2012 | 16.11.2012 | 16.11.2012 |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(UPDATE)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | **जिला–ग्वालियर, श्योपुर, अशोकनगर एवं दतिया** | | | 16.11.2012 |
| | **जिला–भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी एवं गुना** | | | 19.11.2012 |

| |
|---|
| नोट :– उपर्युक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क 60/–रू0 नियमित परीक्षार्थी, अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये, परीक्षा संचालन शुल्क 100/– रू0 तथा नामांकन शुल्क (मध्यप्रदेश के समस्त अन्य विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 100/– तथा अन्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 200/– लिया जाना है। |
| ** समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषण शुल्क 40/– रूपये प्रति छात्र तथा परीक्षा केन्द्र व्यय 70/– प्रति छात्र (यानि कुल 110/– रूपये प्रति छात्र) की राशि ऑनलाइन चालान फार्म से कम की जा रही है। प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं से चालान फार्म में दर्शायी राशि के अतिरिक्त 110/– रूपये की राशि की रसीद अलग से काटकर ले लें और उसमें से अग्रेषण शुल्क **(Farm Forwarding)** के रूप में ली जाने वाली 40/– रूपये की राशि महाविद्यालय स्वयं रख लें और परीक्षा केन्द्र व्यय 70/– रूपये प्रति छात्र ली जाने वाली राशि का भुगतान संबंधित परीक्षा केन्द्र पर करें। |

**विशेष नोट :–**

1. उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन प्रवेशित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।

2. छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा तभी स्वीकार किये जायेंगे, जबकि आवेदन–पत्रों के साथ अर्हता परीक्षा की अंकसूची तथा उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी किया गया **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नंबर तथा ACKNOWLEGEMENT SLIP (शुल्क जमा प्रपत्र) परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें, प्रपत्र संलग्न नहीं करने की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा।**

3. स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नियमित परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थियों से नामांकन फार्म अनिवार्य रूप से भरवायें। नामांकन फार्म नहीं भरने की स्थिति में छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य एवं छात्र का होगा। **ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने स्नातक की कक्षा जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से उत्तीर्ण की है, ऐसे छात्रों का ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरते समय नामांकन नंबर भरना अनिवार्य है।** नामांकन नंबर नहीं भरने की स्थिति में नामांकन की फीस मध्यप्रदेश के समस्त अन्य विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 100/– तथा अन्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों के छात्र–छात्राओं से सामान्य शुल्क 200/– ली जायेगी, जिसको परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़ दिया जायेगा।

4. प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन अपडेट किये गये परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल द्वारा जारी की गयी सूची अनिवार्य रूप से परीक्षा आवेदन–पत्रों के साथ लगाकर विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। **जमा किये परीक्षा आवेदन–पत्र की सूची अथवा उच्च शिक्षा विभाग के पोर्टल पर दर्ज सूची में किसी भी प्रकार का अंतर पाया जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा, साथ ही संबंधित छात्र की परीक्षा निरस्त की जाकर उसकी सूचना आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल को भेजी जायेगी।**

5. समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें तथा छात्र–छात्राओं की हायर सेकेण्डरी/स्नातक की अंकसूची के आधार पर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम आदि की स्पेलिंग अनिवार्य रूप चैक कर लें। **साथ ही छात्र–छात्राओं का नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।**

6. ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में आये दिन छात्र–छात्राओं द्वारा शिकायत की जाती है कि अंकसूची में छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग की त्रुटियां रह जाती हैं, इस कारण छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय आकर दुबारा अंकसूची बनवानी पड़ती है, जिसमें परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता के नाम में किसी भी प्रकार की स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय के अग्रेषणकर्त्ता/प्राचार्य की होगी। ऐसी परिस्थिति में महाविद्यालय को दिये जाने वाला संबंधित छात्र का अग्रेषण शुल्क नहीं दिया जावेगा।

7. **स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2012 हेतु एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी. की कक्षाओं के नाम, जिनके परीक्षा आवेदन–पत्र सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित किया जाना हैंः–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **M.A. (A.I.H.C. & Archeology)** | 22. | **M.Sc. (Biochemistry)** |
| 2. | M.A. (Dance) | 23. | M.Sc. (Biotechnology) |
| 3. | M.A. (Defence & Strategic Studies) | 24. | M.Sc. (Botany) |
| 4. | M.A. (Drawing & Painting) | 25. | M.Sc. (Chemistry) |
| 5. | M.A. (Economics) | 26. | M.Sc. (Computer Science) |
| 6. | M.A. (English) | 27. | M.Sc. (Defence & Strategic Studies) |
| 7. | M.A. (Extension Education & Social Work) | 28. | M.Sc. (Electronics) |
| 8. | M.A. (Geography) | 29. | M.Sc. (Environmental Chemistry) |
| 9. | M.A. (Hindi) | 30. | M.Sc. (Environmental Science) |
| 10. | M.A. (History) | 31. | M.Sc. (Food & Nutrition) |
| 11. | M.A. (International Relations) | 32. | M.Sc. (Food Technology) |
| 12. | M.A. (Jyotirvigyan) | 33. | M.Sc. (Geology) |
| 13. | M.A. (Mathematics) | 34. | M.Sc. (I.C.A.) |
| 14. | M.A. (Music) | 35. | M.Sc. (Industrial Chemistry) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | M.A. (Philosophy) | 36. | M.Sc. (Mathematics) |
| 16. | M.A. (Political Science) | 37. | M.Sc. (Microbiology) |
| 17. | M.A. (Psychology) | 38. | M.Sc. (Molecular & Human Genetics) |
| 18. | M.A. (Public Administration) | 39. | M.Sc. (Neuroscience) |
| 19. | M.A. (Sanskrit) | 40. | M.Sc. (Pharmaceutical Chemistry) |
| 20. | M.A. (Sociology) | 41. | M.Sc. (Physics) |
| | | 42. | M.Sc. (Remote Sensing & GIS) |
| 21. | **M.Com.** | 43. | M.Sc. (Resource Management) |
| | | 44. | M.Sc. (Zoology) |

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

**कुलसचिव,**

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1953

दिनांक : 02/11/2012

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक ............................................................... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)**